मांग | चर्चा के दौरान गूंजी जबलपुर के हित की आवाज़

# सांसद आशीष दुबे ने लोकसभा में उठाई जबलपुर-दमोह नई रेल्वे लाईन की मांग

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे ने मंगलवार को लोकसभा में जबलपुर संसदीय क्षेत्र से जुड़ी रेल सेवाओं के उन्नयन की मांग जोरदार तरीके से उठाई। बजट सत्र 2026-27 के दौरान अनुदान की मांग पर चर्चा के दौरान सांसद श्री आशीष दुबे ने लोकसभा में केंद्र की मोदी सरकार के अंतर्गत रेल वभिाग में रिकॉर्ड पूंजीगत निवेश, तेज गति से बढ़ते अवसंरचना विकास, ग्रीन रेल्वे लक्ष्य की ओर बढ़ते कदम, यात्री अनुभव के नये स्वरूप, स्वदेशी कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली, समर्पित सुरक्षा कोच, ट्रेनों और स्टेशनों का समावेशी आधुनिकिरण, इंजीनियरिंग चुनौतियों में नये आयाम, लॉजिसटिक पावर हाउस आदि की चर्चा करते हुये कहा कि मोदी सरकार के पिछले 12 वर्षों में भारतीय रेल ने विकास, यात्री



सुविधाओं और माल वाहन क्षमता के नये आयाम स्थापित किये हैं। अपने उद्बोधन में सांसद श्री दुबे ने यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के मार्गदर्शन में रेल्वे की विकास यात्रा को अभूतपूर्व बताते हुये कहा कि भारतीय रेल जहां यात्रियों को तेज सुरक्षित और अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान कर रही है वहीं मालवाहक ट्रेनें अधिकतम लदान क्षमता के साथ देश के विकास को भी गति प्रदान कर रही हैं। सांसद श्री दुबे ने रेल्वे के आधुनिकिरण और सुधारों की चर्चा करते हुये वंदे भारत ट्रेन का उदाहरण भी दिया।

### पुणे, अमृतसर के लिए चले ट्रेनें

जबलपुर संसदीय क्षेत्र से संबंधित मांगों को उठाते हुये सांसद श्री दुबे ने लोकसभा में कहा कि पश्चिम मध्य रेल का मुख्यालय जबलपुर में स्थित है और क्षेत्रीय विकास के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये जबलपुर अंचल को केंद्र सरकार की ओर से और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के माध्यम से कई सौगातें मिली हैं परंतु अभी भी कुछ बिंदु ऐसे हैं जिन पर रेल मंत्री दृष्टि डालेंगे तो क्षेत्र के विकास की गति और बढ़ जायेगी। सांसद श्री दुबे ने कहा कि जबलपुर से दमोह के बीच नई रेल्वे लाईन, पश्चिम मध्य रेल जोन के कार्यक्षेत्र में नये स्टेशनों को शामिल करना, जबलपुर से पुणे और अमृतसर सहित अन्य स्थानों के लिये प्रतिदिन ट्रेनों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जबलपुर से छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की कनेक्टिविटी को वृहद आकार देते हुए रायपुर और नागपुर के लिये नई ट्रेनों का चलाया जाना जरूरी है और जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट-गोंदिया ब्रॉडगेज लाईन का काम पूरा होने के बाद अब इस मार्ग पर नई ट्रेनें चलाई जा सकती हैं।

### रेल मंत्री को दिया धन्यवाद

सांसद श्री दुबे ने जबलपुर-गोंदिया रेल लाईन दोहरीकरण परियोजना को स्वीकृति देने के लिये रेल मंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे उत्तर-दक्षिण भारत के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होने के साथ-सथ पर्यटन और व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। गौरतलब है कि जबलपुर-गोंदिया रेल लाईन दोहरीकरण के लिये 5236 करोड़ रूपये की परियोजान को स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद श्री दुबे ने लोकसभा में उद्बोधन में जबलपुर संसदीय क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न रेल सुविधाओं की मांग की। उद्बोधन में सांसद श्री दुबे ने कहा कि पश्चिम मध्य रेल क्षेत्र जोन में ग्वारीघाट से लेकर गढ़ा रेल्वे स्टेशन और आगे तक के कुछ अन्य स्टेशनों को शामिल किये जाने की आवश्यकता है। वर्तमान में ये सभी स्टेशन जबलपुर या जबलपुर के अत्यंत निकट स्थित हैं परंतु इनका कार्य संचालन एस.ई.सी.आर. यानी दक्षिण पूर्व मध्य रेल जोन के अंतर्गत किया जा रहा है।

# बैरिकेडिंग तोड़ने वाले एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर भांजी लाठियां

**घंटाघर के पास वॉटर कैनन से किया गया तितर-बितर**

**छात्र संघ चुनाव कराने सहित अन्य मांगों को लेकर जा रहे थे कलेक्ट्रेट का घेराव करने**





**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर सहित प्रदेश में छात्र संघ चुनाव कराने, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और कॉलेजों के आसपास से शराब दुकानों को हटाने और स्कूल-कॉलेजों द्वारा की जा रही अवैध वसूली पर सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करने जा रहे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने मंगलवार को घंटाघर चौक पर रोका तो कार्यकर्ता आक्रोशित हो उठे। देखते ही देखते पुलिस कर्मियों ने कार्यकर्ताओं की झूमाझपटी होने लगी। हुआ ये कि एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की भीड़ पुलिस की बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए कलेक्ट्रेट तरफ जाने का प्रयास करने लगी कि तभी हालात बिगड़ते देख मौके पर मौजूद पुलिस बल ने वाटर कैनन से प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया। इस मौके पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाए और कहा कि पुलिस ने बर्बरतापूर्वक कार्यकर्ताओं के ऊपर लाठियां बरसाईं हैं। वहीं दूसरी तरफ सीएसपी सोनू कुर्मी ने नवभारत को बताया कि कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट जाने का प्रयास कर रहे थे। प्रशासन की ओर से एसडीएम को मौके पर बुलाकर बातचीत की कोशिश की गई, लेकिन जब कार्यकर्ता जबरन आगे बढ़ने लगे तो पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। उन्होंने बताया कि इस दौरान करीब 20 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।



## पट्टों का नवीनीकरण नहीं कराने पर होगी कार्यवाही

**नवभारत,जबलपुर।** जिले में पदस्थ राजस्व निरीक्षकों को अपर कलेक्टर अभिषेक गहलोत ने राजस्व वसूली में गति लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बड़े बकायादारों राजस्व वसूली में सख्ती बरतने के निर्देश भी राजस्व निरीक्षकों को दिये। अपर कलेक्टर मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में राजस्व वसूली की समीक्षा के लिये आयोजित को संबोधित कर रहे थे। अपर कलेक्टर ने ऐसे बड़े बकायादारों से वसूली में सख्ती बरतने के निर्देश राजस्व निरीक्षकों को दिये हैं, जिन्होंने अवधि समाप्त होने के बाद भी पट्टों का नवीनीकरण नहीं कराया है। उन्होंने राजस्व निरीक्षकों को बकायदारों को अंतिम सूचना पत्र जारी कर उनसे राजस्व की बकाया राशि का शासन के पक्ष में भुगतान सुनिश्चित कराने तथा तय समय के भीतर राशि जमा नहीं करने पर नियमानुसार कार्यवाही करने कहा। बैठक में राजस्व निरीक्षकों को गोरखपुर, आधारताल और राँझी तहसील के बड़े बकायादारों की सूची भी सौंपी गई और उन्हें अंतिम नोटिस जारी कर डायवर्सन राशि का भुगतान सुनिश्चित कराने कहा गया। बड़े बकायादारों की सूची में गोरखपुर तहसील के 46, आधारताल तहसील के 30 तथा राँझी तहसील के 5 बकायेदार शामिल हैं।

# 4 संभागों में की गई कुर्की की कार्रवाई

**नवभारत,जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर शहर के विकास कार्यों को गति देने और नगर निगम के खजाने को मजबूत करने के उद्देश्य से, नगर निगम जबलपुर के संभाग क्रमांक 2 कछपुरा, संभाग क्रमांक-7 अधारताल, संभाग क्रमांक-8 भानतलैया, संभाग क्रमांक-10 रांझी एवं संभाग क्रमांक 14 विजय नगर में बकाया करदाताओं के विरुद्ध एक बड़ा अभियान चलाया। संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह संभाग क्रमांक 2 ने बताया कि कमला नेहरू नगर वार्ड में अरुण कुमार शुक्ला पर बकाया राशि 87,200/- रूपये होने के कारण सम्पत्ति अधिग्रहण की कार्यवाही की गयी वहीं जल शुल्क वसूली के दौरान नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही की गयी। महर्षि महेश योगी वार्ड में सम्पत्ति कुर्क करने नोटिस चस्पा किये गए एवं जल कर राशि जमा न करने पर नल कनेकशन काटने की कार्यवाही की गयी। इसके साथ साथ संभाग 8 भानतलैया के अंतर्गत हनुमानताल वार्ड में कलीमुल्ला पर 99,360, कुंवरलाल पर 1,93,960, काशीराम पर 80,631, मेसर्स मालपाणी मैन्यू फैक्चरिंग 1,91,251, मुन्ना लाल पर 80,715 एवं हाजी मो. युसुफ पर 72,015 रूपये बकाया होने पर कुर्की की कार्यवाही की गयी।




### बड़े डिफॉल्टरों के काटे नल कनेक्शन

संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने विभिन्न वार्डों में बकाया राशि न चुकाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कदम उठाए है। उन्होंने बताया कि महर्षि सुदर्शन वार्ड में हजारों रुपयों का बकाया होने पर कई बड़े डिफॉल्टरों के नल कनेक्शन काट दिए गए। शहीद भगत सिंह वार्ड में बड़े बकायादारों के घरों के बाहर कुर्की के पोस्टर चस्पा किए गए, ताकि जनता में कर भुगतान के प्रति जागरूकता बढ़े। चंद्रशेखर आजाद वार्ड में 96,070 जैसे बड़े बकाया पर निगम ने न केवल कुर्की का पोस्टर लगाया, बल्कि संपत्ति की तालाबंदी भी की। वहीं संभाग क्रमांक 14 विजय नगर के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 ईदन दास मालगानी पता - मेन रोड आई.टी.आई. जिसमें बकाया राशि 71,554 रूपये होने पर कुर्की की कार्यवाही की गई।

## पूर्व मंत्री को धमकाने वाला हो गिरफ्तार वरना होगा आंदोलन



**जबलपुर ।** गोरखपुर थाना अंतर्गत गुप्तेश्वर मदनमहल निवासी पूर्व मंत्री को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी का पुलिस अब तक सुराग नहीं सुराग जुट पाई है जिससे आक्रोशित पूर्व मंत्री ने अपने समर्थकों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और सुरक्षा की मांग की है और ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। विदित हो कि पूर्व मंत्री हरेन्द्रजीत सिंह बब्बू निवासी गुप्तेश्वर रोड, मदनमहल को गत दिवस एक मोबाइल नंबर से लगातार धमकियों भरे फोन आ रहे थे मामले की शिकायत गोरखपुर थाने में की गई थी। पुलिस ने शिकायत पर एफआईआर दर्ज तो कर ली लेकिन धमकाने वाला अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर है जिसको लेकर मंगलवार को पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू ने अपने सहयोगियों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की। जिन्हें शीघ्र ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। पूर्व मंत्री बब्बू ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी पत्र लिखकर घटना से अवगत करवाया और सुरक्षा और अपराधी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस विभाग द्वारा अभी तक कोई ठोस कार्रवाई न करने से नाराज पूर्व बब्बू ने एस पी कार्यालय में ज्ञापन सौंप कर सुरक्षा और कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर सदर गुरुद्वारे के प्रधान प्रभजोत सिंह ने कहा कि उचित कार्रवाई न होने पर जन आंदोलन किया जाएगा।

### एक नजर में

## कटंगी मार्ग पर जल निकासी की समस्या का किया स्थाई समाधान



**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम जन समस्याओं के निराकरण को लेकर पूरी तरह सजग नजर आ रहा है। मंगलवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के संज्ञान में कटंगी मुख्य मार्ग स्थित कॉफी हाउस के सामने गंदे पानी के भराव की शिकायत आते ही, निगम की टीम ने युद्धस्तर पर मोर्चा संभाला और नागरिकों को बड़ी राहत प्रदान की। इस राहत से प्रसन्न होकर स्थानी लोगों ने नगर निगम के महापौर एवं निगमायुक्त को धन्यवाद दिया है। कार्यवाही के संबंध में संभाग क्रमांक 15 सुहागी के स्वास्थ्य निरीक्षक अनंत दुबे और वार्ड सुपरवाइजर रचित ने बताया कि वार्ड क्रमांक 73 में तत्काल सफाई अभियान शुरू किया गया। दोपहर 2:00 बजे से शुरू हुआ यह कार्य शाम 7:30 बजे तक लगातार जारी रहा। कार्य की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी मशीनरी तैनात की गई थी, जिसमें जेसीबी मशीन, 200 मशीन एवं बड़ी सुपर सकर मशीन, नाला गैंग की विशेष टीम, लगभग साढ़े पांच घंटे चले इस सघन अभियान के बाद, वर्षों से बाधित गंदे पानी की निकासी को सुचारू कर दिया गया। स्थानीय नागरिकों और शिकायतकर्ताओं ने निगम की इस तत्परता और राहतकारी कार्य कराने के लिए टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कैशलेस ट्रांजेक्शन बढ़ा, 10 करोड़ से अधिक का राजस्व अर्जित

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में पीआरएस एवं यूटीएस काउंटर्स पर यूपीआई भीम, मोबाइल टिकटिंग तथा पीओएस मशीनों के माध्यम से कैशलेस भुगतान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त, यात्रियों को ट्रेनों एवं स्टेशन परिसरों में डिजिटल माध्यमों से टिकट खरीदने और भुगतान करने हेतु भी प्रेरित किया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष के फरवरी माह में पश्चिम मध्य रेल ने पीआरएस एवं यूटीएस के माध्यम से कुल 8,73,727 यात्रियों से 10,88,01,953 रुपये का कैशलेस ट्रांजेक्शन कर रेलवे राजस्व अर्जित किया। इसमें पीआरएस के अंतर्गत पीओएस मशीनों से 15,14,370 रुपये तथा यूपीआई भीम ऐप से 4,77,54,058 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं यूटीएस प्रणाली में मोबाइल टिकटिंग से 67,90,450 रुपये एवं यूपीआई/भीम ऐप से 5,30,23,075 रुपयेका राजस्व अर्जित किया गया।

## धीमी वृद्धि से सुपर-फास्ट की ओर बढ़ी भारतीय रेल

**जबलपुर, नवभारत।** लगभग 1,37,000 किमी रेल नेटवर्क और 25,500 से अधिक ट्रेनों के साथ भारतीय रेल देशभर में लोगों और माल के आवागमन तथा अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक इसके साथ ही अधिक नॉन-एसी कोच के साथ भारतीय रेल आम नागरिकों की जरूरतों को प्राथमिकता दे रही है वही सरकार रेल यात्रा पर भारी सब्सिडी देती है; प्रत्येक टिकट लागत का लगभग 45% वहन करती है, जिससे किराया पड़ोसी देशों और विकसित देशों की तुलना में काफी कम लघु दूरी यात्रा को बढ़ावा देने हेतु 200 नई इंटरसिटी ट्रेनें तथा मुंबई के लिए 238 नई उपनगरीय ट्रेनें (ऑटोमैटिक दरवाज़ा बंद प्रणाली सहित) पिछले 10 वर्षों में 5 लाख नौकरियाँ और पिछले 2 वर्षों में 1.43 लाख प्रत्यक्ष रोजगार; रेलवे परियोजनाओं से करोड़ों अप्रत्यक्ष रोजगार भी स्टेशन सुविधाओं में सुधार और तकनीक आधारित रखरखाव से यात्रा अनुभव में बदलाव आया है।

# खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज, टीमें दे रही दबिश, चश्मदीदों से पूछताछ जारी

**जबलपुर, नवभारत।** सोमवार दोपहर जिला न्यायालय परिसर में हुए जोरदार धमाके के बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच तेज कर दी है। घटना के बाद से ही न्यायालय परिसर में दहशत का माहौल बना हुआ है और मंगलवार को भी इसी घटना की चर्चा होती रही। पुलिस एवं प्रशासन ने हर स्तर पर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार यह धमाका सोमवार दोपहर उस समय हुआ, जब न्यायालय क्रमांक 2 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के कक्ष के ठीक सामने अचानक तेज आवाज के साथ विस्फोट हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई और लोग घबराकर बाहर की ओर भागने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों और




अधिवक्ताओं के अनुसार फटने वाली वस्तु बम जैसी प्रतीत हो रही थी। धमाका न्यायाधीश कक्ष के बेहद नजदीक होने के कारण कुछ समय के लिए लोगों में भय और दहशत फैल गई।

### मुस्तैद नजर आए सुरक्षाकर्मी

सोमवार को हुई बम विस्फोट की घटना के बाद मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में तैनात सुरक्षाकर्मी मुस्तैद नजर आए। वे परिसर में आने जाने वालों की तलाशी करते देखे गए। वही पुलिस टीम द्वारा मौके पर मौजूद लोगों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों और व्यक्तियों की पहचान के लिए हर पहलू से जांच की जा रही है।

### अधिवक्ताओं ने संभाली स्थिति

घटना के तुरंत बाद अधिवक्ता और न्यायालय कर्मचारी सतर्क हो गए। सभी लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया और आसपास के क्षेत्र को खाली कराया गया। किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है, फिर भी घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। जिस स्थान पर धमाका हुआ वह न्यायालय परिसर का अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। ऐसे स्थान पर विस्फोट होने से सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता को लेकर चिंता बढ़ गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय के रजिस्ट्रार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पूरे परिसर में लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग की जांच के निर्देश दिए।

**इनका कहना है**



सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों को चिन्हित किया गया है। हमारी टीम अलग-अलग स्थानो पर दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

**राजपाल सिंह बघेल**
**थाना प्रभारी, ओमती**

## रिश्तेदारी का झांसा देकर कॉलेज छात्र से 2.07 लाख की ठगी

जबलपुर। कटंगी थाना क्षेत्र में मझौली कॉलेज में पढ़ने वाले एक छात्र को उसकी बुआ के लड़के का दोस्त बनकर अज्ञात जालसाज ने 2.07 लाख रुपये का चूना लगा दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आकाश यादव (26) निवासी पोला, शासकीय कॉलेज मझौली में तृतीय वर्ष का छात्र है, उसके बुआ का लड़का मनोज यादव राजस्थान की एक फैक्ट्री में काम करता है। मनोज का एक दोस्त दलवीर है, जिससे आकाश की मुलाकात करीब एक माह पहले कटंगी में हुई थी। दोपहर करीब 12:30 बजे आकाश के मोबाइल पर एक कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को दलवीर बताया और बड़े ही विश्वास के साथ कहा, आकाश, मैं तुम्हारे खाते में 1 लाख रुपये भेज रहा हूँ। मेरा एक दोस्त अस्पताल में भर्ती है, तुम उन पैसों को उसके बताए नंबर पर ट्रांसफर कर देना। आकाश ठग की बातों में आ गया और बिना पुष्टि किए पैसे भेजने को तैयार हो गया। ठग ने चालाकी से अलग-अलग किस्तों में पैसे मांगे। कुल 2,07,035 रुपये ट्रांसफर करने के बाद ठगी का पता चला।



## गीता भवन का कलेक्टर-निगमायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

**सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिये निर्देश**

**नवभारत,जबलपुर।** शहर की आध्यात्मिक और सामाजिक गतिविधियों के केंद्र गीता भवन की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ और जन-उपयोगी बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संयुक्त रूप से परिसर और आस-पास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने गीता भवन के प्रवेश द्वार से लेकर अंदर तक सारी आवश्यक व्यवस्थाओं को चाकचौबंद रखने निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रवेश और निकास की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिससे भीड़ का प्रबंधन सुचारू रूप से हो सके और किसी भी आगंतुक को असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान अधिकारी द्वय ने परिसर एवं ग्रीन रूम में नियमित साफ-सफाई उत्तम रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रवेश मार्ग को और अधिक सुसज्जित और प्रकाशयुक्त बनाने की दिशा में भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों से कहा, 'गीता भवन न केवल एक आस्था का केंद्र है, बल्कि शहर की गरिमा का प्रतीक भी है। यहाँ आने वाले हर नागरिक को एक सुखद और सुरक्षित अनुभव मिलना चाहिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम की ओर से अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

समाधान | चाय-पानी के साथ कराया समाधान

# जनता के बीच पहुंचे निगमायुक्त, बगल में बिठाकर सुनी समस्याएं

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम की जनसुनवाई में मंगलवार को एक बेहद सुखद और संवेदनात्मक तस्वीर देखने को मिली। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संवेदनशीलता की एक नई इबारत लिखी। उन्होंने न केवल नागरिकों की शिकायतों को सुना, बल्कि उन्हें अपने बगल वाली कुर्सी पर बिठाकर सत्कार के साथ उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया। निगमायुक्त ने बताया कि मंगलवार को मुख्यालय में 33 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 6 अतिक्रमण विभाग, 5 भवन शाखा, 3 स्थापना, 2 स्वास्थ विभाग, 2 सम्पदा, 2 जल, 1 योजना, 1 लेखा शाखा, 1 सीवर



लाइन, 1 संभाग क्रमांक 01, 1 संभाग क्रमांक 05, 1 संभाग क्रमांक 10 एवं 2 संभाग क्रमांक 15 से संबंधित है समस्त शिकायतों को संबंधित विभाग में प्रेषित किया गया व कुछ शिकायतों का राजस्व एवं स्वास्थ विभाग द्वारा त्वरित निराकरण किया गया। इसी प्रकार संभाग क्रमांक 1 से 16 तक में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए जिनका त्वरित निराकरण कराया गया।

### कुर्सी का फासला मिटा, बढ़ा भरोसा

आमतौर पर अधिकारी और आवेदक के बीच जो मेज का फासला होता है, आयुक्त अहिरवार ने उसे खत्म कर दिया। जनसुनवाई में पहुंचे बुजुर्गों और महिलाओं को उन्होंने सम्मान के साथ अपने पास बिठाया। बातचीत के दौरान उन्होंने नागरिकों को चाय और पानी भी पिलाया, जिससे वहां मौजूद लोग अभिभूत हो गए। आवेदकों का कहना था कि उन्होंने पहली बार किसी बड़े अधिकारी को इतने अपनेपन के साथ बात करते देखा है।

### ऑन द स्पॉट समाधान पर जोर

इस अवसर पर निगमायुक्त ने कहा कि शिष्टाचार के साथ काम पर भी फोकस होना चाहिए।जनसुनवाई में आए विभिन्न मामलों पर उन्होंने तुरंत संज्ञान लिया और अधिकारियों को निर्देश देकर आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई भी करवाई। जनसुनवाई में अपर आयुक्त अरविंद शाह, विद्यानंद बाजपेई, जनसुनवाई प्रभारी सहायक आयुक्त वेद प्रकाश, अंकिता जैन, शिवांगी महाजन, अंकिता बर्मन, इंद्रकुमार वर्मा, दीपक शर्मा, अभिषेक तिवारी, दिग्दर्श, महेश शर्मा, सतीश मिश्रा, असद, प्रदीप व समस्त विभागीय प्रमुख व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नालियों में डाली गई पेयजल पाइप लाइन पर आयोग ने लिया संज्ञान

**नवभारत,जबलपुर।** शहर की नालियों में डाली गई पेयजल पाइप लाइन पर मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। दमोह नाका स्थित शांति नगर में पेयजल की पाइप लाइन नाले-नालियों के भीतर से गुजर रही है, जिससे पानी के दूषित होने का गंभीर खतरा बना हुआ है। पाइप लाइन में मामूली लीकेज भी होने पर नाली 5 पानी सीधे सप्लाई लाइन में मिल सकता है। लोगों का कहना है कि कई बार नलों से काला व बदबूदार पानी आ चुका है। जिससे पेट संबंधी बीमारियों की शिकायत बढ़ रही है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकलपीठ ने जनहित मे मानवाधिकारो के उल्लंघन का मामला माना और नगर निगम के आयुक्त से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।